# N.S.S ACATIVITIES REPORT

## SESSION 2024-2025

| Sr. No | N.S.S CAMP | Date/ Period | Volunteers Participated | Location |
|---|---|---|---|---|
| 01 | First One Day Camp | 13-01-2025 | 130 | College and Nearby Area |
| 02 | Second One day Camp | 05-03-2025 | 140 | College and Nearby Area |
| 03 | Seven Days Camp | 18-24 March 2025 | 100 | Paiga Village |

## सप्तदिवसीय शिविर रिपोर्ट

राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम तथा इकाई द्वितीय द्वारा सत्र 2024-25 का सप्तदिवसीय शिविर ग्राम पायगा में दिनांक 18.3.2025 से 24.3.2025 तक आयोजित किया गया। इस शिविर में दोनों ही इकाइयों की लगभग 53- 53 छात्राओं ने भाग लिया। शिविर का शुभारंभ 18.3.2025 को मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य श्री संजय जोशी ने हरी झंडी दिखाकर किया। मुख्य अतिथि ने सप्त- दिवसीय शिविर में संभावित कार्यों की रूपरेखा की सराहना की तथा बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरों में भाग लेने से छात्रों में न केवल देश-प्रेम की भावना एवं सामूहिक रूप से कार्य करने की क्षमता विकसित होती है अपितु सामाजिक एवं नागरिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है तथा छात्रों के व्यक्तित्व को निखर कर भविष्य में उन्हें और अधिक कर्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील एवं जिम्मेदार नागरिक बनाया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री महेंद्र सिंह ने इस प्रकार के शिविरों को आयोजित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेविकाओं को अपने विकास हेतु इस अवसर का भरपूर फायदा उठाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए शपथ दिलवाई। आज के सायंकालीन सत्र में सिविल कोर्ट महेंद्रगढ़ में कार्यरत लीगल एडवाइजर पूजा यादव ने समाज में महिलाओं के विरुद्ध हो रही अप्रिय घटनाओं का उल्लेख करते हुए उनके निवारण विषय पर विस्तृत चर्चा की तथा भारतीय संविधान में उल्लेखित विभिन्न धाराओं के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। द्वितीय दिन प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने पायगा ग्राम में घूम कर प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाया,जिसके माध्यम से छात्राओं ने लोगों को पॉलिथीन आदि का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया। तत्पश्चात नरसिंह मंदिर परिसर में तथा मंदिर के आस-पास साफ-सफाई का कार्य किया। सायंकालीन सत्र में सेल्फ हेल्प ग्रुप बवानिया की संचालिका रेनू यादव ने भोजन में "मिलेट्स का प्रयोग" विषय पर स्वयंसेविकाओं के साथ अपने विचार सांझा किया। उन्होंने घर में ही आसानी से बनाए जा सकने योग्य बाजार निर्मित नमकीन उपमा आदि बनाने की विधि छात्रों को सिखलाई। तीसरे दिन प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। यह एक राष्ट्रव्यापी अभियान है जिसका उद्देश्य गालियों एवं सड़कों की सफाई तथा गंदगी का उन्मूलन कर ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। आज के स्वच्छता अभियान के तहत स्वयं- सेविकाओं ने ग्रामस्थ सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान कर लोगों को अपने घरों के आस-पास स्वच्छता रखने का संदेश दिया। सायंकालीन सत्र में सिविल हॉस्पिटल महेंद्रगढ़ में कार्यरत मेडिसिन डॉक्टर श्री अनिल कुमार शर्मा ने ' टी. बी तथा एड्स के कारण एवं उनके निवारण' विषय पर छात्राओं को विशेष जानकारी दी। चतुर्थ दिन प्रातः कालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने बादरवाल सिटी में श्रमदान के उपरांत नशा मुक्ति अभियान चलाकर लोगों से किसी भी प्रकार का नशा न करने की अपील की। छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति विषय पर आज कविता प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें छात्रा मुस्कान बीए तृतीय वर्ष तथा रजनी बीए द्वितीय वर्ष का प्रदर्शन सर्वोत्तम रहा। सायंकालीन सत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला सुपरवाइजर श्रीमती चंचल एवं श्रीमती सुनीता द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के विकास हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित

विभिन्न योजनाओं एवं पोषण संबंधी जानकारियां दी गई। पांचवें दिन स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालयस्थ एन.एस.एस वाटिका में उगी हुई खरपतवार को उखाड़कर एवं वृक्षों की कटिंग कर वाटिका को सुंदर बनाया। तत्पश्चात रेड क्रॉस विभाग नारनौल के प्राथमिक उपचार प्रशिक्षक श्री पवन एवं श्री शुभम ने छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा की ट्रेनिंग दी। सायंकालीन सत्र में राजकीय महाविद्यालय कंवाली रेवाड़ी में वाणिज्य विभाग में नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसर श्री तीर्थराज शर्मा ने 'भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवर्तन उसके कारण एवं प्रभाव' पर विस्तृत व्याख्यान दिया। छठे दिन शारीरिक श्रम के अंतर एमएससी ज्योग्राफी की छात्रा निकिता द्वारा स्वयंसेविकाओं को आत्मरक्षा संबंधी गुर सिखाए गए,तत्पश्चात मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया। सायंकालीन सत्र में प्रसिद्ध समाजसेविका एवं अनहद फाउंडेशन की अध्यक्षा बहन शैलजा यादव द्वारा 'मनुष्य

दैनिक भास्कर **महेंद्रगढ़ भास्कर** 20-03-2025

दैनिक भास्कर महेंद्रगढ़ भास्कर 19-03-2025

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू



भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। यह शिविर 18 से 24 मार्च तक ग्राम पायगा में चलेगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुआ, जिसका संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण एवं प्रो. नवीन कुमार द्वारा किया गया। शिविर में महाविद्यालय की दोनों इकाइयों की 100 स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. संजय जोशी रहे। प्रो. संजय जोशी ने स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए शिविर के उद्देश्यों की सराहना की तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक दायित्व एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को बढ़ाने पर जोर दिया। प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को इस अवसर का पूरा लाभ उठाने और समाज सेवा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने राष्ट्र एवं समाज के प्रति कर्तव्यनिष्ठ रहने की शपथ भी दिलवाई।

कार्यक्रम प्रभारी प्रो. नवीन कुमार ने 7 दिवसीय शिविर की गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। उद्घाटन सत्र के उपरांत मुख्य अतिथि ने स्वयंसेविकाओं को ग्राम पायगा में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण ने मुख्य अतिथि, आमंत्रित अतिथि, वक्ता एवं सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन हिंदी विभाग की अध्यक्ष डॉ. शर्मिला यादव द्वारा किया गया।

### छात्राओं ने प्लास्टिक मुक्त जागरूकता अभियान चलाया



**महेंद्रगढ़** | राजकीय महिला कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गांव पायगा में संचालित 7 दिवसीय शिविर के दूसरे दिन बुधवार को प्रातः कालीन सत्र में स्वयं सेविकाओं ने गांव में घूम-घूमकर प्लास्टिक मुक्त जागरूकता अभियान चलाया। छात्राओं ने लोगों को पॉलिथीन आदि का प्रयोग न करने के लिए लोगों को जागरूक किया। गांव में स्थित नृसिंह मन्दिर परिसर एवं मन्दिर के बाहर साफ-सफाई का कार्य किया। सायंकालीन सत्र में सेल्फ हेल्प ग्रुप बवानिया की संचालिका रेणु यादव ने \'भोजन में मिलेट्स का प्रयोग \'विषय पर स्वयं सेविकाओं के साथ अपने विचार सांझा किए। उन्होंने घर में आसानी से बनाए जाने योग्य बाजरा प्रोडक्ट्स के बारे में भी जानकारी दी एवं बाजरा निर्मित नमकीन तथा उपमा बनाने की विधि सिखलाई। अन्त में छात्राओं ने अन्त्याक्षरी कर मनोरंजन के साथ कार्य की समाप्ति की।

के ज...

महेंद्रगढ़ भास्कर 22-03-2025

## नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया




**महेंद्रगढ़** | राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा गांव पाएगा में चल रहे सप्त दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सुबह स्वयंसेविकाओं ने बदरवाल सिटी में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद छात्राओं ने गांव में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया। ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया और नशा न करने की अपील की गई। इसी क्रम में नशा मुक्ति विषय पर कविता प्रतियोगिता हुई। शाम के सत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला सुपरवाइजर्स ने सरकारी योजनाओं की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी नवीन कुमार ने अतिथियों का धन्यवाद किया। शिविर के इस प्रेरणादायक दिवस का समापन हुआ।

महेंद्रगढ़ भास्कर 23-03-2025

## छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में एनएसएस वाटिका की सफाई की



भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन कई गतिविधियां हुईं। सुबह स्वयंसेविकाओं ने श्रमदान किया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण और प्रो. नवीन कुमार के नेतृत्व में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर स्थित एनएसएस वाटिका की सफाई की। इसके बाद रेड क्रॉस विभाग, नारनौल के प्रशिक्षक पवन कुमार और शुभम ने प्राथमिक उपचार पर कार्यशाला ली। छात्राओं को दुर्घटना के समय जरूरी प्राथमिक चिकित्सा देने के तरीके सिखाए। सायंकालीन सत्र में राजकीय महाविद्यालय कंवाली, रेवाड़ी के असिस्टेंट प्रोफेसर तीर्थराज शर्मा ने 'भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवर्तन, उसके कारण एवं प्रभाव' विषय पर व्याख्यान दिया।

दिन का समापन मनोरंजक गतिविधियों के साथ हुआ। पांचवें दिन की गतिविधियां ज्ञानवर्धक रहीं और छात्राओं के सर्वांगीण विकास में सहायक साबित हुईं।

महेंद्रगढ़ भास्कर 29-03-2025

## पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग में पायल प्रथम



**महेंद्रगढ़** | राजकीय महिला महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब ने टीबी जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता कराई। इसका उद्देश्य छात्राओं को टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और समाज में इसके रोकथाम के उपायों को फैलाना था। पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग में बी.कॉम प्रथम वर्ष की पायल ने पहला स्थान पाया।

प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, टीबी उन्मूलन में युवाओं की भागीदारी जरूरी है। युवा ही समाज में स्वास्थ्य जागरूकता ला सकते हैं। प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. किरण, डॉ. ज्योति शर्मा और डॉ. शर्मिला ने किया। रेड रिबन क्लब इंचार्ज प्रो. देवेंद्र कुमार ने प्राचार्य और स्टाफ का धन्यवाद किया। उन्होंने छात्राओं और स्टाफ से टीबी मरीजों को गोद लेने की अपील की। साथ ही सरकार के निक्षय 2.0 पोर्टल पर पंजीकरण की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. कविता रानी, डॉ. मक्खन सिंह, डॉ. प्रवीण सरोहा, डॉ. बिजेंद्र कुमार, डॉ. नवीन कुमार सहित अन्य संकाय सदस्य मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़ की N.S. S की सभी छात्राओ को सूचित किया जाता है कि सत्र 2024-2025 का प्रथम **एक दिवसीय शिविर** दिनांक 13-01- 2025 (सोमवार) को महाविद्यालय एवं महाविद्यालय आस-पास लगते क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। N. S. S की सभी छात्राओं का दिनांक 13-01-2025 (सोमवार) को सुबह 8:45 A.M पर कॉलेज हाल में उपस्थित होना अनिवार्य है। जो छात्राएं एक दिवसीय शिविर में भाग नहीं लेगी। उनका नाम N.S.S लिस्ट से काट दिया जाएगा।

प्राचार्य
Principal
Govt. College
राजकीय महिला महाविद्यालय
Mohindergarh
महेंद्रगढ

N.S.S P.O
Jyoti
सुमन

## प्राचार्य कार्यालय,राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ़

### आवश्यक सूचना

दिनांक:- 07/03/2025

राजकीय महिला महाविद्यालय महेंद्रगढ की N.S. S की सभी छात्राओ को सूचित किया जाता है कि सत्र 2024-2025 का सप्त दिवसीय शिवर 18-03-2025 से 24-03- 2025 तक आयोजित किया जाएगा। N. S. S की सभी छात्राओं का दिनांक 18-03-2025 को सुबह 8:30 A.M पर कॉलेज में उपस्थित होना अनिवार्य है। यूनिवर्सिटी मेरीट सर्टिफिकेट उन्हीं छात्रों को मिलेगी जो सप्त दिवसीय शिविर में भाग लेंगी।

N.S.S P.O Unit I & II

प्राचार्य

राजकीय महिला महाविद्यालय

महेंद्रगढ़




प्लास्टिक मुक्त
हरियाणा
Glimpse of Cultural Activities
Glimpse of Sports
Republic Day
Celebration


Youth For My Bharat
सड़क सुरक्षा
अभियान




सड़क सुरक्षा
अभियान


सड़क सुरक्षा
अभियान
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महिला महाविद्यालय महेन्द्रगढ़


सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर
Not Me
But You
Digital
Youth For My
18 मार्च 2025 से 24 मार्च 2025